# कार्यवृत्त

जनपद ललितपुर में दिनांक 10.07.2026 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद के समस्त बांधों में इण्टेक वैल पर पर्याप्त मात्रा में जल की उपलब्धता के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त :-

दिनांक 10.07.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित ग्राम समूह पेयजल योजना में अधिष्ठापित इण्टेक वैल पर वर्ष भर के लिए पर्याप्त मात्रा में जल की उपलब्धता के सम्बन्ध में कलैक्ट्रेट स्थित सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसमें निम्न लिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

1. श्री संजय मिश्रा, अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, ललितपुर।
2. श्री अरूण कुमार बौद्ध, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर।
3. श्री भूपेश कुमार सुहेरा, अधिशासी अभियन्ता एवं नोडल सिंचाई विभाग, ललितपुर।
4. श्री अजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग प्रथम, ललितपुर।
5. श्री शैलेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, राजघाट निर्माण खण्ड सिंचाई विभाग, ललितपुर।
6. श्री पुष्पेन्द्र सिंह परमार, जूनियर इंजीनियर, राजघाट बांध।
7. श्री राहुल सिंह, सहायक अभियन्ता, एस0डब्ल्यू0एस0एम0, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर।
8. श्री धीरज कुमार, सहायक अभियन्ता (वि/यां), एस0डब्ल्यू0एस0एम0, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) झांसी।
9. श्री आशुतोष श्रीवास्तव, डीपीएम, टीपीआई, ललितपुर।
10. श्री विनय साहू, टीम लीडर, टीपीआई, ललितपुर।
11. श्री रमेश कुमार गुप्ता, टीम लीडर, पीएमसी, ललितपुर।
12. श्री आकाश गौर, फर्म प्रतिनिधि मेसर्स सुधाकरा इन्फ्राटेक प्रा0लि0।
13. श्री सुभाष विश्नोई, फर्म प्रतिनिधि मेसर्स डारा इंजीनियरिंग प्रा0लि0।

दिनांक 10 जुलाई 2026 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में सिंचाई विभाग एवं उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) की संयुक्त समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संभावित एल-नीनो प्रभाव के कारण इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना के दृष्टिगत जनपद की ग्रामीण पेयजल योजनाओं के लिए वर्षभर पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित करना था।

बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित सभी समूह पेयजल योजनाओं की आगामी एक वर्ष की जल आवश्यकता का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रत्येक योजना के जलस्रोत, उपलब्ध जल तथा अनुमानित मांग का तकनीकी विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि जनपद की सभी योजनाओं के सुचारु संचालन हेतु लगभग 28.2 एमसीएम (Million Cubic Meter) जल की आवश्यकता होगी। जिलाधिकारी महोदय ने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि सभी बांधों एवं जलाशयों से जल का नियोजित ढंग से प्रबंधन किया जाए, ताकि प्रत्येक योजना के इंटेक वेल पर पूरे वर्ष पर्याप्त जल स्तर बना रहे और किसी भी गांव में पेयजल आपूर्ति प्रभावित न हो।

अधोहस्ताक्षरी ने कहा कि जल संसाधनों का संरक्षण एवं विवेकपूर्ण उपयोग वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बांधों में उपलब्ध जल का नियमित आकलन किया जाए, जलस्तर की सतत निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकता के अनुसार समयबद्ध तरीके से जल का निर्गमन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जल निगम एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आपसी पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके कम में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर द्वारा अधिशासी अभियन्ता (नोडल) सिंचाई विभाग ललितपुर को पत्र संख्या 1993/डब्ल्यू-15/22 दिनांक 14.07.2026 के माध्यम से योजनाओं में आवश्यक पानी की मात्रा के संदर्भ में अवगत कराया गया है।

बैठक में जल जीवन मिशन की विभिन्न योजनाओं के संचालन, रखरखाव एवं जल वितरण व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी जल शोधन संयंत्र (WTP), पंपिंग स्टेशन, ओवरहेड टैंक तथा पाइपलाइन नेटवर्क का नियमित निरीक्षण किया जाए, जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही जल गुणवत्ता की नियमित जांच, क्लोरीनेशन एवं आवश्यक तकनीकी व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पेयजल योजनाओं में एक वर्ष के लिए जितने पानी की आवश्यकता है, उसका विवरण बैठक में प्रस्तुत किया गया, जो कि निम्नवत है :–

| Scheme Name | Source of Water | DEMAND IN MCM 2027-28 (10 july 2026-30 june 2027) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 6 |
| Lagon GOV | Rajghat Dam | 2.3 |
| Kachnoda Kalan GOV | Kachnoda Dam | 4.0 |
| Dhorra-Balabehat GOV | Betwa River | 1.9 |
| Jakhlaun-Birdha GOV | Betwa River | 2.3 |
| Kadesrakalan-Mau GOV | Betwa River | 1.9 |
| Sojna-Gurha GoV | Jamrar Dam | 1.7 |
| Sukulguwan GOV | Lower Rohini Dam | 1.2 |
| Madanwara GOV | Rohini Dam | 1.2 |
| Bill-Mogaon GOV | Bhorat Dam | 1.6 |
| Badanpur GOV | Shahjad Dam | 1.1 |
| Saidpur-Kumhrehi GOV | Jamni Dam | 2.4 |
| Gona-Narahat GOV | Jamni Dam | 2.3 |
| Masora-sindwaha GOV | Sajnam Dam | 2.7 |
| Chandawali GOV | Bhawani Dam | 0.8 |
| Tori GOV | Bandai Dam | 0.7 |
| Total | | 28.2 |

इसके अतिरिक्त अधोहस्ताक्षरी ने निर्देशित किया कि जिन ग्रामों में सड़क पुनर्स्थापन (Road Restoration) का कार्य अभी अवशेष है, वहां संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं के संचालन, रखरखाव एवं जलापूर्ति व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक निर्बाध, सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।






(सत्यप्रकाश)
जिलाधिकारी, ललितपुर।

पत्रांक 2088 / M-19/76 दि० 25-7-26

पत्र पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि–

1. मुख्य विकास अधिकारी, ललितपुर को सादर सूचनार्थ।

निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार समस्त सूचनाओं सहित बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

2. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड–प्रथम, द्वितीय, तृतीय, ललितपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड राजघाट, ललितपुर।
4. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड बेतवा रिवर, ललितपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।

6. टीम लीडर, मेसर्स पी0एम0सी0 थीम इंजीनियरिंग, ललितपुर।
7. डी0पी0एम0 टी0पी0आई0, ललितपुर।
8. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स सुधाकरा इन्फ्राट्रक्चर प्रा0लि0 ललितपुर।
9. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा प्रा0लि0 ललितपुर।
10. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बृज इंजीनियरिंग वर्क बानको कन्सट्रक्शन प्रा0लि0 ललितपुर।
11. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट्स लि0, (जेएमसी–जेडब्लूएल) ललितपुर।
12. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बानको कन्सट्रक्शन एण्ड गंगा इन्फ्राविल्ट प्रा0लि0 ललितपुर।
13. मेसर्स हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग खुर्रम नगर, लखनऊ।
14. मेसर्स सी0के0 इंटरप्राइजेज कानपुर।

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति